**पदाधिकारीगण**

अध्यक्ष
**इ. सुंदर साहु**
9431881494

सचिव
**शिव कुमार 'स्पन्दन'**
7765077769

कोषाध्यक्ष
**सतीश कुमार चौरसिया**
9431011270

संयुक्त सचिव
**करमू साह केशरी**
9708818195

उपाध्यक्ष
**डॉ. अनिल कुमार 'अनल'**
9304411666
**कुंदन कुमार गुप्ता**
7004617459

संपादक
**डॉ. आर.के. पोद्दार**
7004227545

विशिष्ट सलाहकार
**इं बांके बिहारी साव**
7234743494
**शम्भू कुमार चौरसिया**
9334525574
**प्रिंस कुमार 'राजू'**
7781012334
**मथुरा प्रसाद**
9334099163

कार्यालय सचिव
**सूरज कुमार**
9430920560

आवरण पृष्ठ सज्जा, कम्पोजिंग व डिजाइनिंग
**आदित्य पब्लिकेशन, मंदिरी, पटना-1**
मो. 9576099416 / 9709663354

सर्वाधिकार सुरक्षित एवं अस्वीकरण वैश्य चेतना समिति, स्मारिका में प्रकाशित लेखकों के कथ्यों एवं विचारों के लिए सम्पादक व प्रकाशन मंडल उत्तरदायी नहीं होंगे।सभी विवादों का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।

# सम्पादकीय



डॉ. राजकुमार पोद्दार

वैश्य समाज की चौमुखी विकास ही राष्ट्र के विकास में सहायक साबित हो सकता है। अति प्राचीन काल से ही वैश्य समाज राष्ट्र सेवा में तत्पर रहा है। वर्तमान में वैश्यों की जागृति साबित करता है कि अब देश के विकास की गति को रोका नहीं जा सकता।

अभी हाल में संपन्न बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के परिक्षा परिणाम से यह स्पष्ट है कि अधिकतर परीक्षा परिणाम में टॉपरों की सूची में वैश्य समाज अग्रणी हैं | BPSC / UPSC के साथ अन्य प्रतियोगी परिक्षाओं के परिणाम की सूची देखने पर स्वाभाविक रूप से यह दृष्टिगोचर होता है कि प्रशासनिक पदों पर भी वैश्य समाज के बच्चे बच्चियां अपना स्थान सुरक्षित कर रहे हैं।

आगामी लोकसभा चुनाव में जब किसी बड़े दल के द्वारा वैश्य जाति का दो टिकट काट लिया गया तो वैश्यों का आक्रोश चरम पर पहुंच गया। विरोध का असर ऐसा हुआ कि अन्य राजनीतिक दलों ने चार वैश्य उम्मीदवार को लोकसभा का प्रत्याशी बनाया।

अब इस संकल्प के साथ हमें आगामी लोकसभा चुनाव में खड़े विभिन्न राजनीतिक दलों के पांचों उम्मीदवारों को जिताकर लोकसभा भेजने का पुनीत कार्य करना है ताकि वैश्यों पर होने वाले आर्थिक, सामाजिक शोषण रुक सके और हम वैश्य एक नया मापदंड स्थापित कर सकें।

वैश्य चेतना समिति संस्था संकल्पित है कि शीघ्र वैश्य भवन का आधार शिला रखकर निर्माण का ध्वज फहराया जाए। इस स्वर्णिम उपलब्धि में विभिन्न वैश्य उपजातियों को एक छत के नीचे बैठ समाज के अगले पंक्ति में खड़ा होने के सपना को सच करना है।

**डॉ. राजकुमार पोद्दार**
संपादक

——: ❃ :——



इ. सुंदर साहु,

# वैश्य समाज अपने अधिकारों के प्रति सजग

वैश्य समाज के विभिन्न संगठनों द्वारा लगातार समाज पर हो रहे जुल्म (हत्या, लूट, अपहरण) के खिलाफ एकजुट होकर मुखर होने की प्रवृति बढ़ी है।

वैश्यों के द्वारा नारा दिया गया कि **"जो दल करेगा वैश्य का तिरस्कार, नहीं बनेगी उसकी सरकार"।** वर्तमान में जब भाजपा वैश्यों का दो लोकसभा सीट को उम्मीदवारी से वंचित किया और मात्र एक ही उम्मीदवार बनाया गया तो समाज के लोगों के द्वारा पुरजोर विरोध हुआ जिसका परिणाम अन्य दलों से चार उम्मीदवार बनाया जाना है।

वैश्यों की एकजुटता के कारण ही सभी दलों ने खुलकर वैश्य समाज को सम्मानित किया, जैसे –

1) जदयू (नीतीश कुमार जी) द्वारा भामाशाह जन्मदिवस को प्रत्येक वर्ष के 29 अप्रैल को पुनाईचक पार्क में राजकीय समारोह के रूप में मनाने का निर्णय लेना।
2) श्री रणविजय साहू को राजद ने अपने दल का प्रदेश प्रधान महासचिव एवं श्रीमती रितु जायसवाल जी को प्रदेश महिला अध्यक्ष बनाते हुए शिवहर लोकसभा से उम्मीदवार बनाया एवं बहन उर्मिला ठाकुर को विधान परिषद् की उम्मीदवार बनाकर हमें गौरवान्वित किया है।
3) भाजपा ने श्रीमती धर्मशीला गुप्ता जी को राज्यसभा सदस्य एवं श्री लाल मोहन गुप्ता को MLC बनाकर समाज का मान बढ़ाया एवं श्री संजय जायसवाल जी को बेतिया लोकसभा से अपना उम्मीदवार बनाया।
4) लोजपा (श्री चिराग पासवान जी) ने वैश्यों पर भरोसा करते हुए खगड़िया लोकसभा से श्री राजेश वर्मा जी (स्वर्णकार) को उम्मीदवार बनाकर सम्मानित किया।
5) V.I.P. (मुकेश सहनी जी) ने अपने हिस्से के तीन सीटों में से एक सीट पर श्री सुमन कुमार महासेठ जी को झंझारपुर लोकसभा से उम्मीदवार बनाकर वैश्यों को सम्मानित किया।
6) माले पोलित ब्यूरो ने भी वैश्यों की जागृति देखते हुए अपने हिस्से के तीन सीटों में से एक सीट से हमारे समाज से तरारी के विधायक श्री सुदामा प्रसाद जी को आरा लोकसभा से उम्मीदवारी देते हुए समाज को सम्मानित किया है।

इस प्रकार सभी दलों द्वारा दिए गए सम्मान को वैश्य समाज के लोग भी उन्हें जीत दिलाकर सम्मानित करेंगे।

**इ० सुन्दर साहू**
अध्यक्ष
वैश्य चेतना समिति

——: ❃ :——



शिव कुमार 'स्पन्दन'

# प्रस्तावित वैश्य भवन

वैश्य समाज में वैश्य भावना जागृत करने के लिए वैश्य भवन समय की मांग है।

अभी वैश्य समाज के विभिन्न उपजातियों का संगठन एवं उनका भवन पटना में अनेक जगहों पर बना हुआ है। सभी अपने ऊपर होने वाले अत्याचार, शोषण, लूट, बलात्कार आदि से मुक्ति पाने के लिए प्रयासरत हैं एवं राजनीतिक क्षेत्रों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कराने की दिशा में कार्यरत है।




अलग रहकर अपनी–अपनी उपजातियों का झंडा लहरा कर राजनैतिक भागीदारी प्राप्त करने की बात कोरी कल्पना ही बनकर रह जायेगी क्योंकि प्रजातंत्र में संख्या का महत्व होता है और अभी बिहार सरकार द्वारा जारी जनगणना के अनुसार हमारी आबादी 18.18% है जो अन्य सभी समुदायों से काफी अधिक और निर्णायक है। यह अलग बात है कि सरकार द्वारा जारी जनगणना में तेली, कानू, बनिया, कुम्हार, बढ़ई, लोहार आदि खण्डों में विभाजित कर तोड़ने का कार्य किया गया है, लेकिन वैश्य समाज सजग है और यह टूटने के बजाय एक साथ मिलकर कार्य कर रहा है।

पटना में बनने वाला वैश्य भवन के लिए अब तक लगभग 1 करोड़ रुपये की दान देने की पेशकश श्री ललन केशरी दानापुर, इ. सुंदर साहु, अध्यक्ष, शिव कुमार स्पन्दन, सचिव, वै.चे. समिति, वैश्य नायक श्री विनोद कुमार सिन्हा, ई. मुरलीधर प्रसाद, माननीय विधायक, समीर कुमार महासेठ, पवन जायसवाल, माननीय एमएलसी जीवन कुमार, पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद, मथुरा प्रसाद, प्रिंस कुमार राजू, धर्मेन्द कुमार गोह, मनीष कुमार मित्तल आदि लोगों के द्वारा आ चुका है और संस्था के पदाधिकारियों द्वारा लगातार अधिक से अधिक दान प्राप्त करने का प्रयास जारी है। भवन निर्माण में 2.5 करोड़ रुपये का खर्च संभावित है।

वैश्य भवन निर्माण का मुख्य उद्देश्य चिकित्सा, शिक्षा आदि की सुविधा एक छत के नीचे कर वैश्य भावना को जागृत करना ताकि एकजुट होकर सभी लोग समाज के दबे, कुचले लोगों को सहायता पहुंचा सके। भवन में डायलिसिस, ब्लड बैंक, एक्सरे, पैथोलोजिकल जांच आदि सुविधा प्रदान करना है ताकि हमारे लोगों को उचित चिकित्सा का लाभ मिल सके। वैश्य समाज मिलकर 2025 में राजनीतिक क्षेत्रों में पकड़ बनाकर अधिक से अधिक विधानसभा पर कब्जा कर जब अपना सरकार (मुख्यमंत्री) बनायेगा तभी वैश्य समाज शोषण मुक्त हो पायेगा।

वैश्य भवन की बहुमंजिली इमारत के अलग–अलग तल्लों पर विभिन्न सुविधाएँ प्रदान की जाएँगी, जो निम्न प्रकार हैः–

1) शिक्षा– उच्च शिक्षा प्राप्त प्रतिभाशाली वैश्य विद्यार्थियों के लिए BPSC / UPSC की तैयारी कराने की व्यवस्था की जाएगी एवं कम्प्यूटर संबंधित प्रशिक्षण देकर रोजगार उन्मुख बनाया जायेगा।
2) वैश्य समाज से गरीब मेधावी छात्रों को छात्रावास की व्यवस्था होगी।
3) वैश्य भवन में डायलिसिस, ब्लड बैंक, एक्स रे, पैथोलोजिकल जाँच आदि से रोगियों को लाभान्वित करना है।
4) वैश्य समाज के लोगों को राजनितिक रूप से जागृत करने हेतु नियमित रूप से विभिन्न राजनीतिक पदों यथा वार्ड सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, मुखिया, सरपंच, जिला परिषद् सदस्य, विधान परिषद् सदस्य, विधानसभा सदस्य आदि से सम्बंधित प्रशिक्षण शिविर लगाकर प्रशिक्षित किया जाना सुनिश्चित करना है ताकि राजनीतिक क्षेत्रों में वैश्यों की अधिक से अधिक भागीदारी हो सके।

**शिव कुमार 'स्पंदन'**
सचिव
वैश्य चेतना समिति, पटना

——:❃:——



सतीश कुमार चौरसिया

दैनिक भास्कर पटना 24-04-2024

## वैश्य चेतना समिति ने भामाशाह की जयंती मनाई

पटना| वैश्य चेतना समिति ने मंगलवार को पुनाईचक में भामाशाह की जयंती मनाई। समिति के सदस्यों ने भामाशाह की जीवनी और उनके कार्यों के बारे में चर्चा की। अध्यक्ष सुंदर साहू ने कहा कि भामाशाह ने राष्ट्रहित के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर अमर हो गए। इस अवसर पर डॉ. अनिल कुमार अनल, शंभू चौरसिया, वीके सिन्हा, शैलेन्द्र नारायण आदि मौजूद रहे।




दिनांक 23.4.2024 को भामाशाह पार्क, पुनाईचक, पटना में दानवीर शूरवीर भामाशाह की जयंती वैश्य चेतना समिति के माननीय अध्यक्ष इ० सुन्दर साहू जी की अध्यक्षता में मनाई गई। इस अवसर पर दानवीर शूरवीर भामाशाह के कृत्य एवं जीवनी पर प्रकाश डाला गया। अपने उद्‌बोधन में इ० सुन्दर साहू ने वैश्य समाज के उनलोगों को भामाशाह से सीख लेने की जरुरत पर बल दिया जिन्होंने जिंदगी भर धन कमाया एवं उस धन को यहीं छोड़ कर इस धरती से पलायन हो गए। ना ही उनकी कृति को याद किया जाता है ना ही उनके बच्चे उनकी जयंती मनाते हैं। दूसरे भामाशाह जी अपने जीवन काल में राष्ट्र के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दुनिया भर में अमर हो गए। सर्वसम्मति से यह भी निर्णय लिया गया कि शीघ्र हीं इस पार्क का नामकरण "दानवीर शूरवीर भामाशाह पार्क" के नाम से सरकारी गजट में लाया जाए।

इस अवसर पर संस्था के उपाध्यक्ष डॉ० अनिल कु० 'अनल', सचिव शिवकुमार 'स्पंदन', शम्भू चौरसिया, कुंदन कु० गुप्ता, नन्द किशोर पोद्दार, डॉ० सुनील कुमार, सुभाष साह (महाजन द ग्रेट), वैश्य नायक वी० के० सिन्हा, शैलेन्द्र नारायण, पूर्व DSP एस० पी० गुप्ता, भामाशाह चेतना समिति के अध्यक्ष विन्दा प्रसाद, सचिव दर्शनी साह, कार्यालय प्रभारी सूरज कुमार के अलावे कई गणमान्य व्यक्तियों ने माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। उपस्थित वैश्यों ने एक मत से कहा कि वैश्यों को राजनीति में स्थापित करने के लिए 2024 के लोकसभा के NDA/UPA द्वारा बनाए गए सभी पाँचों उम्मीदवारों को जिताकर लोकसभा भेजा जाये।

**सतीश कुमार चौरसिया**

कोषाध्यक्ष

——: ❃ :——



करमू साह केशरी

# सामंतियों के खिलाफ लड़ाई है : रबिना देवी

तारापुर प्रखंड के लखनपुर गाँव में रहकर दबे कुचलों की आवाज बनकर उभरी वैश्य समाज की रबिना देवी को लगातार सामंतियों द्वारा दबाने का प्रयास किया जा रहा है।

बिहार के कद्दावर नेता सम्राट चौधरी जी के गाँव में कई बार सरपंच की कुर्सी हासिल कर वहाँ के दबंगों की छाती पर मूंग दल रही हैं और बिहार के महिलाओं के बीच महिला सशक्तिकरण का उदाहारण बन कर उभरी हैं, जिस पर हम सभी वैश्य को नाज होनी चाहिए।

**रबिना देवी की व्यथा कथा :**

रबिना देवी पंचायत—मानिकपुर, प्रखंड तारापुर, जिला मुंगेर की लोकप्रिय जनप्रिय रबिना देवी वर्ष 2003 में अपने पति के आकस्मिक मृत्यु हो जाने के बाद अपने तीन बच्चों को कड़ी मेहनत, साहस एवं धैर्य के साथ अच्छी शिक्षा दिलाई। जिससे दोनों बेटे नीरज कुमार गुप्ता एवं टिंकू कुमार साह एवं बेटी कुमारी कंचन बिहार सरकार के धोरैया प्रखंड में A.N.M. पद पर सेवा दे रही हैं।

रबिना देवी 2003 में सरपंच पद पर चुनाव जीती और लगातार चार बार सरपंच पद का चुनाव जीत कर आज भी सरपंच पद पर काबिज हैं। उनका कहना है कि हमारे पंचायत की जनता कहती है कि, मैडम जब तक आपकी सांस चलेगी, तब तक हम आपको सरपंच बनाते रहेंगे क्योंकि आपकी कार्यशैली, न्यायशैली जनता के लिए वरदान है।

उसी पंचायत में पूर्व मंत्री, पूर्व सांसद शकुनी चौधरी, उनके पुत्र सम्राट चौधरी भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं उपमुख्यमंत्री का गाँव है। शकुनी चौधरी के भतीजे उमेश चौधरी, पिता— चमक लाल चौधरी अपने बी.एड. कॉलेज के रास्ते में मेरा जमीन, जिसका मौजा मानिकपुर, खाता 687, खेसरा न० 591, रकबा 89 डी०, जमा बंदी 219 में से लगभग 3 कट्ठा जमीन दखल कर रोड बना लिया है और कहा कि तुम कहीं भी जा सकती हो। वहाँ के थाना, D.S.P. ने उनके खिलाफ कोई कारवाई नहीं। फिर दोबारा दिनांक 1.3.2024 को मेरा उसी खाता, खेसरा जमीन से 7 हरा पेड़ JCB से गिरा कर रोड बना दिया, जब मैं वहाँ पर गई तो अमोद सिंह, पिता चमक लाल चौधरी, अनिल सिंह उर्फ़ तेतर सिंह, पिता – भोला सिंह ने हमारे साथ अभद्र व्यवहार कर मेरे जमीन पर से भगा दिया।



रबिना देवी

मैंने वैश्य चेतना समिति के अध्यक्ष इ० सुन्दर साहू, संयुक्त सचिव करमू साह केशरी से फोन से बात की। ये लोग थाना प्रभारी तारापुर, D.S.P. तारापुर, पुलिस अधीक्षक मुंगेर से फोन से बात कर गुहार लगाया कि समितियों द्वारा जमीन हड़पने से बचाया जाये। वैश्य चेतना समिति की पहल पर अब वे सभी लोग दहशत में हैं। इस कदम के बाद मैं चैन की सांस ले पा रही हूँ। मुझे पूरा विश्वास है कि संगठन के पहल पर मेरा जबरन दखल जमीन वापस आ जायेगा है। मैं जीवन भर संगठन के साथ रहने का वादा करती हूं, ऐसा रबीना देवी का कथन है।

**करमू साह 'केशरी'**
संयुक्त सचिव
वैश्य चेतना समिति

——: ❃ :——



डॉ. अनिल कु. 'अनल'

# वैश्य समाज के पुरोधा – मथुरा बाबू



मथुरा बाबू का जन्म वर्ष 1949 में पटना जिले के दुल्हिन बाज़ार अंतर्गत सिंघारा गाँव में हुआ, जहाँ उस ज़माने में मात्र बैलगाड़ी, टमटम, पैदल ही साधन हुआ करता था। इनकी शिक्षा सिंघारा मिडिल स्कूल एवं विक्रम हाईस्कूल में हुई, जहाँ लगातार अपनी कक्षा में टॉप करते रहे। अपने गाँव सिंघारा से विक्रम (7 कि.मी.) जाकर पढ़ाई करने के लिए साईकिल के अभाव में पैदल ही दूरी तय किया करते थे। ये इतने प्रतिभाशाली थे कि स्कूल के प्रधानाध्यापक इनसे शिक्षक के रूप में बच्चों को पढ़वाने का काम लिया करते थे। उस ज़माने में मैट्रिक पास करने के बाद इन्हें नौकरी सुलभता से मिल रही थी, लेकिन अपने दादा स्व० लालू साह जी के इकलौते पोता होने के कारण ये व्यवसाय में लगा दिये गये। मथुरा बाबू बहुत मेहनती और प्रतिभाशाली होने के कारण व्यवसाय में भी चार चाँद लगा दिए और लोहा तथा कोयला का व्यवसाय कई जिलों में स्थापित किए। आगे समाज के प्रति काफी सचेत रहते हुए कई लोगों को नौकरी में भेजे। आज 75 वर्ष के आयु में 25 वर्ष के युवा की तरह स्वस्थ रहते हुए हमेशा समाज सेवा में सक्रिय भूमिका अदा कर रहे हैं। सम्पूर्ण बिहार में इस संस्था के पदाधिकारियों को हमेशा अपने विचार एवं सुझाव से लाभान्वित करते हैं ताकि अपने समाज के लोगों का विकास द्रुत गति से हो सके। प्रस्तावित वैश्य भवन निर्माण कार्य में भी अग्रणी भूमिका निर्वहन करने की इनके द्वारा इच्छा जताई गई है।

वर्तमान में इनके चार पुत्र हैं जो अपने व्यवसाय को और आगे बढ़ाने में लगे हुए हैं। इनका कंपनी उज्जवल आयरन एवं सीमेंट स्टोर, न्यू बाईपास रोड, हनुमान नगर मोड़, खेमनीचक, पटना– 27 में अवस्थित है। साथ ही गायत्री इंडस्ट्री सिंघारा, दुल्हिन बाज़ार पटना में जहाँ होम पाइप, वेंटीलेटर, नाद, गमला, पिलर आदि का निर्माण होता है।

उज्जवल होम, उज्जवल सिटी, उज्जवल वर्ल्ड स्कूल, जगदम्बा, आदि कई योजनायें बड़े पैमाने पर इनके पुत्रों द्वारा चलायी जा रही हैं, जिसके माध्यम से हजारों गरीबों को नौकरी प्राप्त हो रही है। समाज इनके स्वस्थ जीवन की मंगल कामना करता है और इन्हें "वैश्य रत्न" से सम्मानित कर गौरवान्वित महसूस करता है।

**डॉ० अनिल कु० 'अनल'**
उपाध्यक्ष
वैश्य चेतना समिति

——:❃:——



कुंदन कुमार गुप्ता

# अपील

आज सत्ताधारियों द्वारा वैश्यों को बांटकर इन्हीं के वोटों से अपनी कुर्सी बचाने की साजिश चल रही है। हम वैश्य समाज को इनके साजिश को समझते हुए, अपने वोटों को बंटने नहीं देना है तथा जो भी समाज समाजहित/राष्ट्रहित में प्रत्याशी हैं, उन्हें तन–मन–धन के साथ उन्हें अपना बहुमूल्य समय देकर विजयी बनायें।

हम वैश्य समाज के लोगों की जनसंख्या प्रतिशत में ज्यादा होकर भी राजनीतिक भागीदारी में नगण्य हैं। कम प्रतिशत होते हुए भी कुछ समाज की भागीदारी जरुरत से ज्यादा है, क्योंकि वे संगठित हैं एवं संगठित होकर हम पर अपना वर्चस्व स्थापित करते हैं।

हम वैश्य समाज के लोगों से अपील करते हैं, कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में अपने मित्रों, परिजनों, हितैषियों को प्रेरित करें ताकि अपने समाज के चिन्हित पाँचों प्रत्याशियों के लिए मतदान करें, जिससे आने वाले दिनों में सभी राजनीतिक दल हमारे समाज के लोगों को ज्यादा से ज्यादा प्रत्याशी बनाने को बाध्य हो तथा हमें उचित भागीदारी मिल सके।

**कुन्दन कु० गुप्ता**
उपाध्यक्ष
वैश्य चेतना समिति
मो०– 7004617459

—: ❃ :—

## Our Few Advocate Of The Society

| | | |
|---|---|---|
| Bajrangi Lal | 9334473193 | Patna High Court |
| Mohit Kumar | 9304785612 | Patna High Court |
| Rahul Kumar | 6201830295 | Patna High Court |
| Manish Kumar | 9199200481 | Patna High Court |
| Manisha Kumari | 9334442578 | Posco Court Beguisaray |
| Pushkar Agrawal | 9993166075 | Aurangabad |
| Jyoti Varnwal | 9431283851 | Gopalganj Civil Court |
| Chandra Bhushan Pandit | 9199776943 | Chhapra Civil Court |
| Varun Keshri | 9123298297 | Income Tax |



सूरज कुमार

# वैश्य समाज का स्वर्णिम इतिहास बनाम वर्त्तमान

"वैश्य"– कुछ वर्ष पूर्व इस शब्द को सुनकर लोग गंभीरता से नहीं लेते थे। लेकिन आजकल वैश्यों के बारे में जानने के लिए लोगों के मन में सनसनी तथा कौतुहल मचा हुआ है। इसका कारण हमारे संस्था/समाज के पदाधिकारीगणों का अथक प्रयास तथा दबे–कुचले हुए लोगों के उत्थान के लिए सबकुछ न्योछावर कर देने वाला उनका प्रण है। इस उम्र में भी इन लोगों का जुनून और जज्बा को देखकर हम युवाओं के मन में भी एक चिंगारी उठना स्वभाविक है। जो निरंतर इसी तरह से चलता रहा और संस्था/समाज के वरिष्ठ जनों का सहयोग तथा मार्गदर्शन मिलता रहा तो, आने वाले वक्त में युवा अपने पैरों को मजबूत कर निश्चित ही खादी के खोल में छुपे हुए आतताइयों, जिन्होंने आजतक गरीबों तथा वैश्यों को साजिशतन दमन किया है, और कर रहे हैं, उनके साम्राज्य को नेस्तनाबूत करना है। किन्तु इसके लिये वैश्य युवा वाहिनी दल का निर्माण करना होगा, जो वैश्य समाज के लिए कुछ भी कर गुजरने को तैयार हों ताकि आने वाली अगली पीढ़ी, आने वाले समय में संस्था/समाज को और मजबूती प्रदान कर सके। मेरे ख्याल से हमलोग अपने इतिहास को भूल गए थे या शायद हमें पता हीं नहीं था। मैं बात कर रहा हूँ गुप्त साम्राज्य का, जी हाँ, वही गुप्त काल जिसने हमें आर्यभट्ट और कालिदास जैसे विद्वान दिये। सारे इतिहासकारों ने ये माना और दावा किया है कि, गुप्त काल भारत का स्वर्णयुग और शास्त्रीय युग था और इसी युग में भारतीय साहित्य, कला, वास्तुकला और दार्शनिक मापदंड स्थापित हुए थे। 5वीं शताब्दी के संस्कृत कवि कालिदास ने गुप्तों को भारत के बाहर और अन्दर परासिक, हण, कम्बोज और अन्य सहित लगभग 21 राज्यों पर विजय प्राप्त करने का श्रेय दिया। मौर्य वंश के पतन के बाद नष्ट हुई राजनीतिक एकता को पुनः स्थापित करने का श्रेय भी गुप्त वंश को दिया जाता है। ये बात जानकर आपलोगों का रोम रोम गौरवान्वित होकर झूम उठेगा कि, आर्यभट्ट ने शून्य का आविष्कार इसी हमारे गुप्त काल में ही किया था। सूर्यग्रहण और चंद्रग्रहण का अध्ययन भी इसी काल में किया गया। इतना ही नहीं, पृथ्वी सूर्य के चारों ओर घूमती है इसका सिद्धांत भी इसी काल में दिया गया।

अब बताइए, ऐसा हमारा इतिहास रहा है। हमलोगों ने क्या–क्या कीर्तिमान स्थापित नहीं किये हैं पूर्व में? लेकिन आज? आज हमारी सर्वाधिक जनसंख्या होने के बावजूद हम सबसे निचले पायदान पर खड़े हैं? (राजनीतिक दृष्टि से) हाँ ये बात जरूर है कि साजिशकर्ताओं द्वारा हमें अपने पेशे के तहत अलग–अलग उपजातियों में बाँट कर हमें कमजोर कर दिया गया। लेकिन अब नहीं, कतई नहीं...! हमलोगों को फिर से एकजुट होकर अपनी–अपनी उपजाति से परे सिर्फ और सिर्फ वैश्य के ही बारे में सोचकर संगठित होना पड़ेगा। हमलोगों को मिलकर एक स्वर में बोलना पड़ेगा "यही समय है, सही समय है" और एक साथ हुंकार भर, गगनभेदी नारों के साथ, अपने मंजिल की ओर कूच करना होगा ताकि जिस–जिस ने हमें साजिश के तहत पतन की ओर धकेला है, उनका सिंहासन डोल उठे तथा उनके पैरों तले जमीन खिसक जाए। इसी बात पे मैं कहना चाहूँगा कि,–

**सह लिया, बहुत सह लिया**
**खामोशियों में बहुत रह लिया**
**अब दिल का शोर सुन, इरादे कुछ और चुन।**

अंत में मैं अपनी बातों को इन नारों के साथ पूर्णविराम देना चाहूँगा,

**आज खड़े हैं कुरुक्षेत्र में, लड़ने फिर महाभारत हम।**
**पाँच गाँव से नहीं चलेगा, गद्दी के अधिकारी हम।**

**सूरज कुमार**
कार्यालय सचिव

——:❃:——

# वैश्य नायक डॉ. विनोद कुमार सिन्हा का सन्देश



**डॉ० विनोद कुमार सिन्हा**
**वैश्य नायक**
मो.–7903430715



वैश्य चेतना समिति के हम सभी वैश्य अनुगृहित है कि बिहार में वासित 36 मुख्य उपजातियों को एक सूत्र में बाँध कर वैश्य एकता के लिए काम कर रहा है।

जनगणना में सरकार ने बनिया को 2.37% दिखाया, पर हमलोग उसी जनगणना के अनुसार 18.18% हैं। सरकार द्वारा बहुसंख्यक वैश्य समाज के उपजातियों को वैश्य की सूची से साजिशतन बाहर किया, जैसे– तेली (2.81%), कानू/हलवाई (2.81%), नाई (1.59%), कुम्हार (1.40%), पान/पटवा (1.73%), बढ़ई (1.45%) इत्यादि।

आज की समय राजनीतिक में जिसकी जितनी संख्या भारी, उतनी उनकी हिस्सेदारी। पर राजनैतिक पार्टियों ने हमारी संख्या एवं संगठन को अनदेखा किया है। विभिन्न राजनैतिक पार्टियों ने 5 लोगों को पार्टी टिकट दिया है, हम वैश्यों को भेदभाव भुलाकर इन 5 लोगों को तन–मन–धन से मदद करके लोकसभा में भेजना है ताकि हमारी आवाज लोकसभा में गूँजे।

**हमारा लक्ष्य** – हम वैश्य में प्रतिभा, सक्षम एवं धनवानों की कमी नहीं है, लेकिन राजनैतिक चेतना की कमी है। आज इसी कमी के कारण वैश्यों से लोग चंदा भी लेते हैं और शोषण भी करते हैं। यह बात सभी लोग जानते हैं। इस चुनाव में हम वैश्यों को सारे अन्तर्द्वन्द्व को मिटाकर एक विचार बनाकर उपरोक्त पाँच सीटों पर हीं विचार करना है। उपरोक्त पाँचों सीटों पर वैश्य समाज विचारोपरांत एक मत होकर अपनी निर्णय "हम एक हैं, एक ही रहेंगे और एक ही के पक्ष में मतदान करेंगे" के तहत जिता कर वैश्यों पर होने वाले तिरस्कार के विरुद्ध आवाज को लोकसभा में गुंजायमान करेंगे।

**डॉ० विनोद कुमार सिन्हा**

——: ❃ :——

# वैश्य की बेटी ने मैट्रिक परीक्षा में बनी अरवल जिला की टॉपर



बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा 2024 की मैट्रिक परीक्षा में अरवल जिले के परासी बाजार गाँव की रहने वाली छात्रा सपना कुमारी ने 476 अंक हासिल कर जिला टॉपर बनी है, जिससे वैश्य समाज का नाम रौशन हुआ है।

सपना कुमारी के पिता श्री वैद्यनाथ प्रसाद खेतिहर मजदूर हैं एवं माता सुषमा कुमारी गृहिणी हैं। वह निर्भय नरेन्द्र उच्च विद्यालय निरंजनपुर से पढ़ाई की है। इनकी महत्वाकांक्षा है कि वह UPSC की तैयारी कर IAS अधिकारी बन देश की सेवा करें।

सपना कुमारी के पिता श्री वैद्यनाथ प्रसाद (मो० 9122193341) आर्थिक रूप से काफी कमजोर हैं। अतः हम तमाम वैश्य बंधुओं का दायित्व है ऐसे मेधावी छात्र – छात्राओं को उसके लक्ष्य प्राप्ति हेतु यथासंभव मदद कर इनके मेधा को कुंठित होने से बचाया जाय, जिससे ये आगे उच्च शिक्षा प्राप्त कर समाज का नाम रौशन करते हुए राष्ट्र की सेवा कर सके।

समाज के लोगों से आग्रह है कि सपना कुमारी के पिता तथा संस्था के शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रभारी ई. नारायण दाम (मो० 8002853383) से संपर्क स्थापित कर शिक्षा के क्षेत्र में उनका सहयोग करेंगे। समाज इस प्रकार बिहार बोर्ड में 90% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राओं का भी चयन सूची उपलब्ध कर मदद करने का प्रयास करेगा।

**ई. नारायण दास**

शिक्षा प्रकोष्ठ (प्रभारी)

## मैट्रिक परीक्षा में 476 अंक प्राप्त कर सपना कुमारी बनी अरवल जिला टॉपर

अरवल। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा 2024 का मैट्रिक रिजल्ट जारी किया गयो मैट्रिक परीक्षा में अरवल जिले के परासी बाजार गाँव के रहने वाली सपना कुमारी 476 अंक के साथ अरवल जिला टॉप की है सपना कुमारी कि पिता बैजनाथ प्रसाद किसान है एवं माता सुषमा कुमारी जो ग्रहणी हैवह निर्भय नरेंद्र उच्च विद्यालय निरंजनपुर पढ़ाई की छात्रा है इसका श्रेय अपने गुरु कमलेश पटेल एवं माता–पिता को दिया है सपना 476 अंक के साथ अरवल जिला में प्रथम स्थान लाकर अपने जिला का नाम रोशन कि है उन्होंने पटेल कोचिंग सेंटर सुमेरा में पढ़ाई की है उन्होंने बताई की आगे चलकर यूपीएससी का तैयारी कर आईएएस अधिकारी बनकर देश का सेवा करना चाहती हूँ कोचिंग सेंटर के संस्थापक कमलेश कुमार ने बताया कि अगर मनुष्य ठान ले और गुरु का मार्गदर्शन सही मिले तो सिर्फ लगन और कड़ी मेहनत से सफलता हासिल किया जा सकता हैं सपना के पिता ने बताया कि काफी गर्व महसूस कर रहा हूं जो मेरी बेटी जिला में प्रथम स्थान हासिल की है सपना ने बताया कि पढ़ाई से संबंधित किसी प्रकार का किसी विषय में दिक्कत होती थी तो निर्भय नरेंद्र उच्च विद्यालय निरंजनपुर के इतिहास विषय के पूर्व शिक्षक बसंत नारायण ज्योति सर से सवाल का जवाब उनसे जानकारी प्राप्त करता था काफी कुछ सीखने को मिला है आज इन्हीं के बदौलत इस मुकाम तक पहुंची हू इधर जिला में सेकंड स्थान बैदराबाद गांव निवासी पवन कुमार गुप्ता के पुत्री नैना कुमारी 472 अंक के साथ अरवल बालिका उच्च विद्यालय का नाम रोशन की है उन्होंने बताया कि आगे चलकर यूपीएससी की तैयारी कर आईएएस बनकर देश की सेवा करना चाहती हूं , माता–पिता गुरूजनो का बदौलत से इस मुकाम तक पहुंची हूं वही जयपुर सर गणेश दत्त उच्च विद्यालय छात्रा स्वर्गीय नीसार अहमद अंसारी के पुत्री जुगनू परवीन 470 अंक लाकर जिले में तीसरे स्थान हासिल की है।



शम्भू नारायण चौरसिया

# प्राचीन काल एवं आज का हमारा भारत

प्राचीन काल का एक समय स्वर्णयुग के नाम से जाना जाता था। उन दिनों समुन्द्रगुप्त का शासन काल चल रहा था। समुन्द्रगुप्त के समय हमारे देश का सर्वमुखी विकास हुआ था। जैसे चतुर्मुखी शिक्षा, चिकित्सा, सांस्कृतिक, समाजिक, धार्मिक, राजनीतिक एवं हर क्षेत्र में विकास हुआ था। आज हम पिछड़ रहे हैं। पुनः स्वर्ण काल स्थापित करने के लिए हमें राजनीतिक भागीदारी चाहिए। हम देखते हैं कि वैश्य समाज को प्रोत्साहित नहीं किया जा रहा है। जब सभी राजनीतिक दलों के द्वारा हमें टिकट नहीं मिलेगा तो हमें आगे बढ़ने का मौका भी नहीं मिलेगा।

अतः सत्ता में भागीदारी के लिए समाजिक रूप से संगठित होकर राजनीतिक क्षेत्रों में भागीदारी की कोशिश करनी होगी तभी हमारा वैश्य समाज आगे बढ़ सकेगा। सत्ता में वैसे लोग पहुँच रहे हैं, जो दबंग हैं एवं उनके समाज की जनसंख्या 10% से कम है। इस प्रकार वैश्य समाज में सभी गुण रहते हुए संगठित नहीं होने के वजह से राजनीतिक भागीदारी नहीं मिल पा रही है। अभी वैश्य समाज प्रताड़ित हो रहा है। आज के समाचार हिंदुस्तान के अनुसार शत्रुघ्न साह की हत्या के जुर्म में पूर्व विधायक तारकेश्वर सिंह को न्यायालय में दोषी पाया और सजा भी दिया। 1996 में बाबूलाल गुप्ता ने तारकेश्वर सिंह पर थाना में F.I.R. किये थे, जिसका फैसला आज न्यायालय ने दिया। इस प्रकार अनेक प्रकार के प्रताड़ना वैश्य समाज झेल रहा है जिसका यह एक जीता जागता उदाहरण हैं। 28 वर्षों में न्यायिक प्रक्रिया पूरा होने से आम लोगों को न्यायिक प्रक्रिया से विश्वास उठ रहा है और भारत सरकार को चाहिए कि कॉलेजियम सिस्टम को समाप्त कर UPSC या अन्य माध्यम से अधिक से अधिक जजों की शीघ्र बहाली कराकर एवं न्यायालयों की संख्या बढ़ाकर न्यायिक मामलों को द्रुत गति से निपटारा कराएँ ताकि शीघ्र न्याय मिलने से मध्यम एवं निचले तबके के लोगों को राहत मिलेगा तभी लोकतंत्र पर विश्वास जगेगा।




**शम्भू कुमार चौरसिया**

मो. 9334525574

——:❃:——



सत्यभूषण प्रसाद
मो. 6201911665



1. **सुश्री मनीषा कुमारी,**
जन्मतिथि– 15.1.1995, कद– 5′4″, उपजाति– तेली, शिक्षा– बी.एससी (पटना यूनिवर्सिटी), रंग– साफ, पेशा– असिस्टेंट मैनेजर, केनरा बैंक, बुद्धा मार्ग, पटना, मो० 9135255206, पिता– सुरेश प्रसाद (बिजनेसमैन), पता– सुल्तानपुर, दानापुर कैंट, पटना, बिहार।

2. **सुश्री मधु कुमारी,**
जन्मतिथि – 11.10.2000, कद– 5′3″, उपजाति– तेली, शिक्षा– एम.सी.ए (जी.एल.ए कॉलेज, डाल्टनगंज), रंग–साफ, पेशा– पढ़ाई, मो०– 9955972988, पिता– वशिष्ठ प्रसाद (बिजनेसमैन), पता– कंकरी, चैनपुर, डाल्टनगंज, पलामू, झारखण्ड।

3. **सुश्री पल्लवी वर्षा,**
जन्मतिथि– 3.7.1996, कद 5′5″, उपजाति– कानू, रंग– साफ, पेशा– न्यायिक पदाधिकारी (बिहारशरीफ), पिता– श्री अरुण कु० गुप्ता (जिला अभियोजना पदाधिकारी, समस्तीपुर), मो०– 7991134378, पता– B/152, पी० सी० कॉलोनी, कंकड़बाग, पटना।
**प्राथमिकता– प्रशासनिक। नोट– वैश्य उपजातीय बंधन मुक्त।**

4. **सुश्री मेधा ज्योति,**
जन्ममिथि– 21.2.1993, कद– 5′3′′, उपजाति– कानू, रंग– साफ, पेशा– एच.आर. मैनेजर (मेदांता हॉस्पिटल), पिता– श्री अरुण कु0 गुप्ता (जिला अभियोजना पदाधिकारी, समस्तीपुर), मो.– 7991134378
**प्राथमिकता– प्रशासनिक। नोट– वैश्य उपजातीय बंधन मुक्त।**

5. **श्री आदित्य कुमार,**
जन्मतिथि– 13.5.1996, कब– 5′8″, उपजाति– तेली, रंग– साफ, एम० टेक (आई०आई०टी० शिवपुर, हावड़ा, कोलकाता), पेशा– असिस्टेंट प्रोफेसर (सिविल), मुंगेर, पिता– श्री अशोक कुमार (सीनियर अकाउंट ऑफिसर, भारत सरकार), मो०– 9693570980, पता वार्ड नं–12, आर्य भवन, नीलामी गली, बाढ़, पटना–803213

6. **सुश्री खुशी आर्यन,**
जन्मतिथि– 6.12.1997, कद– 5′1″, उपजाति– हलवाई, रंग– साफ, शिक्षा– स्नातक, पेशा– असिस्टेंट प्लानिंग ऑफिसर (बिहार सरकार), पिता– सूर्यकांत आर्या C/o– प्रीति लता आर्या, पता– कुमार सिनेमा के नजदीक, पुल पर, बिहारशरीफ, नालंदा, मो.– 6200040780

7. **श्री ऋषि कमल,** जन्मतिथि– 24.12.1990, कद 5′10″, उपजाति– तेली, रंग– साफ, शिक्षा– बी०ए०, पेशा इंश्योरेन्स एंड पोस्टल एजेंट, मेडिसिन आर्डर सप्लायर (हर्बल), पिता– राजकिशोर साहू, पता– चकबासु, हाटी चौक, मुजफ्फरपुर, मो०– 9386998877

8. **श्री देवर्षि रंजन,**

जन्मतिथि– 21.1.1997, कद– 5′6″, रंग– साफ, उपजाति– तेली, शिक्षा– बी०टेक, मुनिसिपल एग्जीक्यूटिव ऑफिसर (BPSC), पिता– डॉ रविरंजन प्रसाद (चीफ मेडिकल ऑफिसर), माता– डॉ आरती प्रसाद, पता– बिहारशरीफ, मो०– 9835057418 / 8260445189.

9. **डॉ. अंजनी कुमारी,**

पिता– श्री रणविजय कुमार, माता– श्रीमती रेखा देवी, उम्र– 25 वर्ष, जाति– कानू/ हलवाई, रंग– गोरा, लंबाई– 5′ 4′′, पढ़ाई मास्टर्स ऑफ फिजियोथेरेपी, राजस्थान वि.वि., जयपुर, ग्राम+पोस्ट+थाना+ प्रखंड– रोह, जिला– नवादा, बिहार, मो. 9835262850 / 9304411666

10. **सुश्री अनुष्का,**

जन्मतिथि– 13.03.1999, कद– 5′3′′, रंग– गोरा, उपजाति– कानू (हलवाई), शिक्षा– बी. टेक, Working as developer Associate in SAP Labs (Banglore), पिता– श्री राजेश कुमार गुप्ता (S.E., ECD, Bihar), पता– पटना, मो. 9430034705,

**प्राथमिकता– Working in IT Sector.**

12. **श्री दिव्या भूषण,**

उम्र– 28 वर्ष, कद– 5′4′′, रंग– गोरी, उपजाति– तेली, शिक्षा– बी. टेक, पिता– सत्यभूषण, पता– रिटायर्ड एडमिनिस्ट्रेटिव अफसर, महेश नगर, पटना, मो. 6201911665

**प्राथमिकता– Working in IT Sector/ Other Govt. Job.**

13. **श्री कुमार सौरभ,** असिस्टेंट प्रोफेसर (इंजीनियरिंग कॉलेज, बिहार)

जन्मतिथि– 23.07.1991 कद– 169 सेंटीमीटर, रंग– गोरा, उपजाति– तेली, शिक्षा– एम. टेक, (एमआईटी, जमशेदपुर) पिता– बिन्दा साह, (रिटायर्ड बैंक ऑफिसर) पता– ए23 सनेही पथ, वेस्ट पटेलनगर, पटना–23,

**प्राथमिकता– Working in Bihar Govt. Job.**

14. **श्री सुबोध कुमार प्रसाद**

जन्मतिथि– 22.11.1993 कद– 5′6′′, रंग– गेहुंआ, उपजाति– तेली, शिक्षा– बी.टेक, पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम इन डाटासाइंस, पिता– संजय कुमार, पता– राजेन्द्र नगर, पटना / व्हाइट फील्ड बैंगलोर। मो. 9973546420 |**प्राथमिकता–Educated and currently employed in MNC / Self Employed.**

15. **श्री रजत**

जन्मतिथि– 25.11.1994 कद– 5′11′′, रंग– गेहुंआ, उपजाति– तेली, शिक्षा– बी.टेक, एमबीए, IIM Trichy, पिता– अरुण कुमार साहू, पता– टिस्को, क्वार्टर 15 / 1, यमुना विहार, आदित्यपुर, जमशेदपुर, मो. 9934544731 । **प्राथमिकता– Professional**

16. **सुश्री ज्योति शेखर (Working as IT Manager SBPDCL, Bihar**

जन्मतिथि– 23.01.1990 कद– 5′03′′, रंग– गोरी, उपजाति– स्वर्णकार, शिक्षा– बी.टेक, पिता– बलेन्दु शेखर गुप्ता (एडवोकट, आरा) मो. 9931876327 ।

——: ❃ :——

वैश्य एकता, राष्ट्र एकता | मिशन स्वर्णयुग- 2025 | एक बनें, नेक बनें

# वैश्य चेतना समिति

रजि० नं० : S000324/18

72E, पाटलीपुत्रा कॉलोनी, पटना- 800013
E-mail : vaishyachetnasamiti@gmail.com । वेबसाईट : vaishyachetna.org

अध्यक्ष
ई. सुन्दर साहु
9431881494
★
सचिव
शिव कुमार 'स्पंदन'
7765077769
★
कोषाध्यक्ष
सतीश कुमार 'चौरसिया'
9431011270
★
संयुक्त सचिव
करमू साह केशरी
9708818195

पत्रांक 89/2024 | दिनांक 7-4-2024

❖ दिनांक 28-03-2024 को बैठक में लिये गए निर्णय के आधार पर 11 सदस्सीय समिति का गठन निम्नवत है, अध्यक्ष ई० सुन्दर साहू (अध्यक्ष – "वैश्य चेतना समिति") के नेतृत्व में सभी लोग एक दुसरे का सहयोग करेंगे, जिनका दायित्व होगा कि चिन्हित लोकसभा क्षेत्रों का दौरा कर वैश्य मतदाताओं को जागरूक करने का कार्य करेंगे। दौरा के क्रम में समिति का निर्णय का अनुपालन करना होगा।

1) ई० सुन्दर साहू – अध्यक्ष – वैश्य चेतना समिति – 9431881494
2) शिव कुमार 'स्पंदन' – सचिव – वैश्य चेतना समिति – 7765077769
3) सतीश कु० 'चौरसिया' – कोषाध्यक्ष – वैश्य चेतना समिति – 9431011270
4) करमू साह 'केशरी' – संयुक्त सचिव – वैश्य चेतना समिति – 9708818195
5) डॉ अनिल कु० 'अनल' – उपाध्यक्ष – वैश्य चेतना समिति – 9304411666
6) प्रिंस कु० 'राजू' – संरक्षक सदस्य - 7781012334
7) ई० विनोद कुमार – आजीवन सदस्य – गोला रोड, पटना - 8210910886
8) डॉ० विद्यार्थी विकास – सक्रिय सदस्य - 9471624074
9) डॉ पंकज कुमार – सक्रिय सदस्य - आनंदपुर, पटना – 9545761177
10) कुन्दन प्रसाद – आजीवन सदस्य - 7004617459
11) प्रेमनाथ साहू – सक्रिय सदस्य - गुरारू, गया – 9431146123

(हस्ताक्षर) 7-4-24
सचिव
वैश्य चेतना समिति

दैनिक भास्कर

## BJP के 17 सीटों पर प्रत्याशी

| सीट | कैंडिडेट-2024 | कैंडिडेट-2019 |
|---|---|---|
| अररिया | प्रदीप सिंह | प्रदीप सिंह,BJP |
| बेगूसराय | गिरिराज सिंह | गिरिराज सिंह,BJP |
| बक्सर | मिथिलेश तिवारी | अश्विनी चौबे,BJP |
| मधुबनी | अशोक यादव | अशोक यादव,BJP |
| दरभंगा | गोपाल जी ठाकुर | गोपाल जी ठाकुर ,BJP |
| मुजफ्फरपुर | राज भूषण निषाद | अजय निषाद,BJP |
| पटना साहिब | रविशंकर प्रसाद | रविशंकर प्रसाद,BJP |
| पाटलिपुत्र | रामकृपाल यादव | राम कृपाल यादव,BJP |
| सारण | राजीव प्रताप रूडी | राजीव प्रताप रूडी,BJP |
| महाराजगंज | जनार्दन सिग्रीवाल | जनार्दन सिंह,BJP |
| सासाराम (SC) | शिवेश राम | छेदी पासवान,BJP |
| पश्चिम चंपारण | संजय जायसवाल | संजय जायसवाल,BJP |
| आरा | आरके सिंह | आरके सिंह,BJP |
| उजियारपुर | नित्यानंद राय | नित्यानंद राय,BJP |
| औरंगाबाद | सुशील सिंह | सुशील सिंह,BJP |
| पूर्वी चंपारण | राधा मोहन सिंह | राधामोहन सिंह,BJP |
| नवादा | विवेक ठाकुर | चंदन कुमार,LJP |

## आइएएस बनना चाहती हूं



वंदना कुमारी

93.6%

नौबतपुर की वंदना कुमारी ने इंटर की परीक्षा में विज्ञान संकाय में 468 अंक लाकर बेहतर स्थान प्राप्त किया है. उनकी इस सफलता से उनकी माता रेणु देवी, पिता राजेश कुमार व गुरुजन गौरवान्वित हैं. वंदना के पिता राजेश कुमार दुकान चलाते हैं. वंदना ने बताया कि अपनी सफलता का श्रेय वह माता पिता और शिक्षक को देती है. उसने बताया कि वह आगे पढ़कर आइएएस बनना चाहती है.

कॉमर्स टॉपर

## किराना दुकानदार की बेटी बनी कॉमर्स की स्टेट टॉपर



95.60%

प्रिया कुमारी
शेखपुरा
फर्स्ट टॉपर

**शेखपुरा.** जिले के बरबीघा शहर की छात्रा प्रिया कुमारी ने इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम में कॉमर्स में राज्यभर में पहला स्थान प्राप्त किया है. प्रिया को कुल 478 अंक मिले हैं. वह बरबीघा के बबनबीघा आदर्श उच्च विद्यालय की छात्रा है. शहर के छोटी संगत निवासी प्रिया के पिता महेश छापड़िया किराने की दुकान चलाते हैं, जबकि मां अर्चना छापड़िया गृहणी है. प्रिया ने बताया कि वह बैंक अधिकारी बनना चाहती है. सकी बड़ी बहन खुशी भी चार्टर्ड अकाउंटेंट की तैयारी कर रही है. प्रिया मैट्रिक की परीक्षा में भी जिला टॉपर रही है और पूरे बिहार में 11वां स्थान प्राप्त किया था. प्रिया ने बताया कि वह फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स व्हाट्सएप से दूर रहती है. मोबाइल का इस्तेमाल वह सिर्फ ऑनलाइन पढाई के लिए करती है.

साइंस

## इंजीनियर बनने का है सपना



हर्ष राज

94%

स्थानीय बाजार निवासी हर्ष राज ने विज्ञान संकाय से पटना जिला टॉपर में स्थान प्राप्त किया है. उन्होंने आगे की पढ़ाई कर इंजीनियर बनने की इच्छा जाहिर की है. हर्ष राज दुल्हिनबाजार निवासी बिपिन कुमार के पुत्र हैं. विज्ञान संकाय से कुल 470 अंक प्राप्त किया है. वे दुल्हिनबाजार स्थित रामलखन सिंह यादव उच्च विद्यालय के छात्र हैं. सफलता का श्रेय माता गुड्डी कुमारी व पिता बिपिन कुमार व शिक्षकों को दिया है.

## किराने की दुकान चलाते हैं गोपाल के पिता



कुमार गोपाल

93.8%

बाढ़ के अनुग्रह नारायण सिंह कॉलेज के छात्र गोपाल श्री ने इंटर साइंस की वार्षिक परीक्षा में पूरे जिले में नौवां स्थान हासिल किया है. गोपाल श्री को 469 अंक मिले. गोपाल श्री की सफलता को लेकर परिजन काफी खुश हैं. गोपाल के पिता उमेश पाल की घर में ही किराने की दुकान है. गोपाल दो भाई और दो बहन हैं. बचपन से पढ़ाई में मेधावी रहने वाले गोपाल श्री का सपना इंजीनियर बनकर समाज की सेवा करना है.

हमारा नेता कैसा हो



माधव कुमार यशवंत, शतरंज खिलाड़ी

## ग्रामीण इलाकों में खेल को बढ़ावा देने वाला हो हमारा सांसद

खगड़िया संसदीय क्षेत्र का जनप्रतिनिधि खेल को बढ़ावा देने वाला हो। यह बातें शतरंज खिलाड़ी माधव कुमार यशवंत ने कही। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों के लिए प्रशिक्षण केन्द्र हो। जिससे यहां के खिलाड़ी प्रशिक्षण प्राप्त कर खेल में बेहर प्रदर्शन कर सके। उन्होंने कहा कि जिले में हर स्तर के खेल को बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षण केन्द्र खोलने की जरूरत है। जिससे आने वाले दिनों में जिले के छुपी हुई प्रतिभा को निखारा जा सके और इससे देश व दुनिया में ऐसे खिलाड़ी अपने जिले का नाम रौशन करेंगे। इस ओर पहल करने वाले जनप्रतिनिधि की जरूरत है।

दैनिक भास्कर जहानाबाद / अरवल भास्कर 21-04-2024

# उधार के पैसे मांगने पर रॉड से मारकर युवक की हत्या, प्राथमिकी दर्ज

भास्कर न्यूज़ | कुर्था


रोते-बिलखते परिजन।

स्थानीय थाना क्षेत्र के कुर्था बाजार निवासी कृष्णा साव के 45 वर्षीय पुत्र सुरेंद्र कुमार की रड से मार कर हत्या करने का मामला प्रकाश में आया है प्राप्त जानकारी के अनुसार कृष्णा साव के पुत्र सुरेंद्र कुमार जो कुर्था बाजार में सोनी इलेक्ट्रॉनिक नामक दुकान खोले हुए था और फ़ौलादपुर में एक युवक को बिजली के तार उधार दिया था तभी शुक्रवार की देर शाम अपने दोस्तों के साथ सुरेंद्र शकूराबाद थाना क्षेत्र के मिचाईचक गांव गए हुए थे लौटने के क्रम में फ़ौलादपुर गांव के पास तीनों दोस्तों के साथ उक्त युवक के पास अपने बिजली के तार के बकाए राशि मांगने लगा इसके बाद दोनों में जमकर बकझक हुई और बकझक होते-होते मामला हाथापाई पर आ गया बस क्या था मारपीट के क्रम में किसी ने सुरेन्द्र के ऊपर पंखे के राउटर (रड) से जमकर प्रहार कर दिया इसके बाद सुरेंद्र की हालत खराब हो गई। आनन फानन में फौलादपुर के ही एक निजी चिकित्सक के पास प्राथमिक उपचार कराया गया हालत खराब देखते हुए उक्त युवक को कुर्था सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां चिकित्सकों ने उपचार के क्रम में ही मृत घोषित कर दी मामले की जानकारी मिलते ही कुर्था थानाध्यक्ष दलबल के साथ मृत युवक के शव को अपने कब्जे में लेकर अन्त्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल अरवल भेज दी इस संबंध में कुर्था थानाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार ने बताया कि मृतक सुरेंद्र कुमार शराब के नशे में था और अन्य दोस्त भी शराब पिए हुए था इसी के क्रम में दोस्तो के बीच मारपीट हुई मारपीट के दौरान सुरेंद्र को कहीं गंभीर चोट लग गई जिससे मौके पर मौत हो गई उन्होंने कहा कि इसकी प्राथमिकी शकूराबाद थाने में दर्ज कराई जाएगी हालांकि शकूराबाद थानाध्यक्ष मोहन कुमार व कुर्था थानाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार ने घटनास्थल पर जाकर घटना की विस्तृत जानकारी ली हालांकि मृतक के पिता कृष्णा सवा ने फर्द बयान में कहा है कि उपेंद्र चौधरी छोटा लड़का के मोबाइल पर फोन किया कि सुरेंद्र अचेत अवस्था में पड़ा है उसी के बाद छोटा लड़का सुनील और पोता रितिक के साथ टेंपो से वहां गए वहां देखा की कुर्था बाजार निवासी संदीप साव एवं बजरंगी साव उपस्थित है पूछताछ के दौरान दोनों ने बताया कि हम शकुराबाद से आ रहे हैं तो फौलादपुर एवं मिचाई चक गांव के बीच रविरंजन कुमार उर्फ घाघा के बीच मारपीट हो रहा था रविरंजन के हाथ में पंखा के राउटर ( रड ) से सुरेन्द को मारते हुए देखा हूं।

# जनसंख्या के आधार पर वैश्य को मिले भागीदारी : सुन्दर साहू

**पटना ( आससे )।** भाजपा आज वैश्यों को उनके घर ( राजनीतिक घर ) से बेघर ( बेदखल ) करने में लगी है । जबकि, वैश्य समाज भारतीय जनता पार्टी को अपना दल मानती है । उक्त बाते वैश्य चेतना समिति के प्रदेश अध्यक्ष सुन्दर साहू ने मंगलवार को प्रेस वार्ता में कही । वैश्य चेतना समिति के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा द्वारा वैश्य समाज को तिरस्कार विषय पर चर्चा हुई । श्री साहू ने कहा कि भाजपा को वैयों के उन्होंने कहा कि हमारी जनसंख्या के आधार पर २०२४ के लोकसभा चुनाव में वैश्यों को भी भागीदारी बनायें । इस अवसर पर प्रदेश सचिव शिव कुमार स्पंदन, प्रदेश उपाध्यक्ष डा. अनिल कुमार अनल, प्रदेश संयुक्त सचिव करनू साह केशरी, कोषाध्यक्ष सतीश चौरसिया उपस्थित थे ।

# किडनी ट्रांसप्लांट के बाद हर माह दवा के लिए ₹18000 मिलेंगे

**पटना.** राज्य में किडनी ट्रांसप्लांट कराने के बाद मरीजों को सरकार दवा खरीदने के लिए हर माह 18-18 हजार रुपये देगी. इससे वह अपनी नियमित दवाएं खरीद कर स्वास्थ्य पूर्ण लाभ उठा सकेंगे. राज्य में किडनी के गरीब मरीजों को किडनी ट्रांसप्लांट के लिए राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता कोष से तीन लाख का अनुदान दिया जाता है.

मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता कोष का लाभ सलाना वार्षिक आय ढाई लाख से कम वाले मरीजों को मिलता है. गरीब मरीजों का किडनी ट्रांसप्लांट तो हो जाता है, पर नियमित दवा नहीं ले पाते हैं. स्वास्थ्य विभाग द्वारा ऐसे मरीजों को दवा उपलब्ध कराने के लिए निदेशक प्रमुख, स्वास्थ्य सेवाएं और संबंधित विशेषज्ञों ने दवाओं की सूची तैयार की है. सरकार ने लाभुकों से प्राप्त विवरणी पर मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता कोष से दो लाख 16 हजार अनुदान की स्वीकृति दी है.

PRABHAT KHABAR पटना, रविवार 17.03.2024 | 18

# नवगठित मंत्रिमंडल में 20% वैश्यों को अनदेखा करने का आरोप

**पटना.** नवगठित मंत्रिमंडल में वैश्यों की आबादी 20% होने के बाद भी दो को मंत्रालय मिलने पर वैश्य चेतना समिति ने नाराजगी जतायी है. शनिवार को वैश्य चेतना समिति ने सदस्यों ने पाटलीपुत्र कॉलोनी कार्यालय में बैठक बुलायी. इसमें वैश्य समाज के कद्दावर नेता सुशील मोदी, तारकिशोर प्रसाद, संजय सरावगी, संजीव चौरसिया को महत्व नहीं देने पर नाराजगी जाहिर की गयी. कहा गया कि जनसंख्या के अनुसार लोस में वैश्यों को उम्मीदवारी मिले.

# 'Just two BJP ministers from Vaishya community not enough'

Abhay Singh | TNN

**Patna:** The BJP on Friday gave representation to two lawmakers from the Vaishya (trader/business class) community in the council of ministers of the NDA govt led by CM Nitish Kumar. However, the community does not appear to be satisfied with it.

On Saturday, members of the Vaishya Chetna Samiti (VCS) led by its president Sundar Sahu turned up at the gate of the state BJP headquarters to air their grievances.

"Two ministers from the Vaishya community who took oath as ministers on Friday are like two toffees given to us. Our population is relatively higher than many other communities. As a community, we are the mainstay of the saffron party right from the days of Bharatiya Jana Sangh," Sahu said.

Two lawmakers of the BJP from the Vaishya community who were sworn in as ministers are Dilip Jaiswal (MLC) and Kedar Prasad Gupta (MLA).

# वैश्यों की अनदेखी व तिरस्कार कर रही भाजपा : समिति

**पटना.** वैश्य चेतना समिति ने भाजपा पर वैश्यों की अनदेखी व तिरस्कार किये जाने का आरोप लगाया है. प्रदेश अध्यक्ष इ. सुंदर साहू और सचिव शिव कुमार स्पंदन ने कहा कि वैश्य समाज भाजपा को अपना दल मानती है. आज भाजपा ही वैश्यों को उनके घर से बेदखल कर रही है. प्रदेश सचिव शिव कुमार ने कहा कि पूर्व से एनडीए में हमारे उपमुख्यमंत्री हुआ करते थे. लेकिन, नवगठित मंत्रिमंडल में मात्र दो को स्थान दिया गया. वैश्य समाज के नेता सुशील मोदी, तारकिशोर प्रसाद, संजय सरावगी आदि को महत्व नहीं दिया गया.

# कांग्रेस का सामाजिक न्याय छलावा है : डॉ गौतम

**पटना.** प्रदेश कांग्रेस पिछड़ा एवं अतिपिछड़ा विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी डॉ गौतम कुमार ने फिर पार्टी को कठघरे में खड़ा किया है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस का सामाजिक न्याय की बात करना छलावा है. वह पश्चिमी चंपारण लोकसभा से कांग्रेस की सीट के दावेदार थे. इसको लेकर उन्होंने पार्टी के सामाजिक न्याय, कार्यकर्ता के साथ न्याय को लेकर शीर्ष नेतृत्व पर सवाल उठाया था. ओबीसी विभाग से निकाले जाने पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस का चाल, चरित्र और चेहरा पूरी तरह सामने आ गया.


डॉ. गौतम कुमार
रक्सौल
मो. 9113393276

**वैश्यों की एकता ही हमारा लक्ष्य है।**

## मिशन स्वर्णयुग-2025 हेतु लक्षित विधानसभा क्षेत्रों की सूची

| क्र.सं. | विधानसभा | क्र.सं. | विधानसभा | क्र.सं. | विधानसभा | क्र.सं. | विधानसभा |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 3, नरकटियागंज | 26. | 48, फारबिसगंज | 51. | 134, उजियारपुर | 76. | 184, पटना साहिब |
| 2. | 6, नौतन | 27. | 61, धमदाहा | 52. | 124, लालगंज | 77. | 186, दानापुर |
| 3. | 7, चनपटिया | 28. | 62, पूर्णिया | 53. | 129, महनार | 78. | 190, पालीगंज |
| 4. | 8, बेतिया | 29. | 63, कटिहार | 54. | 133, समस्तीपुर | 79. | 194, आरा |
| 5. | 9, सिकटा | 30. | 72, सिंधेश्वर | 55. | 135, मोरवा- | 80. | 196, तरारी |
| 6. | 10, रक्सौल | 31. | 73, मधेपुरा | 56. | 143, तेघड़ा | 81. | 200, बक्सर |
| 7. | 11, सुगौली | 32. | 75, सहरसा | 57. | 144, मटिहानी | 82. | 203, रामगढ़ |
| 8. | 18, मधुबन | 33. | 77, महिषी | 58. | 146, बेगूसराय | 83. | 205, भभुआ |
| 9. | 19, मोतिहारी | 34. | 82, दरभंगा ग्रामीण | 59. | 149, खगड़िया | 84. | 208, सासाराम |
| 10. | 20, चिरैया | 35. | 83, दरभंगा | 60. | 151, परबत्ता | 85. | 210, दिनारा |
| 11. | 21, ढाका | 36. | 84, हायाघाट | 61. | 156, भागलपुर | 86. | 211, नोखा |
| 12. | 22, शिवहर | 37. | 87, जाले | 62. | 157, सुलतानगंज | 87. | 212, डेहरी |
| 13. | 23, रीगा | 38. | 93, कुढ़नी | 63. | 161, बांका | 88. | 214, अरवल |
| 14. | 25, परिहार | 39. | 94, मुजफ्फरपुर | 64. | 163, बेलहर | 89. | 216, जहानाबाद |
| 15. | 26, सुरसंड- | 40. | 97, पारू | 65. | 164, तारापुर | 90. | 219, गोह |
| 16. | 27, बाजपट्टी | 41. | 98, साहेबगंज | 66. | 165, मुंगेर | 91. | 220, ओबरा |
| 17. | 28, सीतामढ़ी | 42. | 101, गोपालगंज | 67. | 166, जमालपुर | 92. | 223, औरंगाबाद |
| 18. | 29, रुन्नी-सैदपुर | 43. | 104, हथुआ | 68. | 168, लखीसराय | 93. | 225, गुरुआ |
| 19. | 30, बेलसंड | 44. | 105, सिवान | 69. | 169, शेखपुरा | 94. | 226, शेरघाटी |
| 20. | 31, हरलाखी | 45. | 106, जीरादेई | 70. | 172, बिहारशरीफ | 95. | 230, गया शहर |
| 21. | 36, मधुबनी | 46. | 110, बढ़हरिया | 71. | 174, इसलामपुर | 96. | 233, अतरी |
| 22. | 38, झंझारपुर | 47. | 112, महाराजगंज | 72. | 175, हिलसा | 97. | 234, वजीरगंज |
| 23. | 23, फुलपरास | 48. | 115, बनियापुर | 73. | 181, दीघा | 98. | 237, नवादा |
| 24. | 42, पिपरा | 49. | 118, छपरा | 74. | 182, बांकीपुर | 99. | 241, जमुई |
| 25. | 43, सुपौल | 50. | 123, हाजीपुर | 75. | 183, कुम्हरार | 100. | 243, चकाई |

**जो दल वैश्य का करेगा तिरस्कार, नहीं बनेगी उसकी सरकार - प्रिंस कुमार 'राजू'**